**खबर संक्षेप**

## पेट में चाकू मारकर घायल करने वाले सेवसिंह को 3 वर्ष का कारावास

**निवास।** मीडिया प्रभारी अभियोजन जिला मण्डला द्वारा जानकारी दी गई कि अपर सत्र न्यायालय निवास ने पेट में चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपी को 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। थाना निवास के अप०क्र0 136/2017 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 31/2018 के आरोपी सेवसिंह उर्फ शिवसिंह पिता मुरारी सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पद्दीकोना थाना निवास द्वारा दिनांक 25.10.2017 को रात करीब 08.00 बजे गांव के ही कुंवरसिंह मरावी को जान से मारने की नियत से पेट में चाकू मारकर घायल करने के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह निर्णय दिया। मामला इस प्रकार है, कि दिनांक 25.10.2017 को शाम फरियादी कुंवरसिंह अपने पड़ोसी के यहां से बैठकर लौट रहा था तभी रास्ते में सेवाराम मिला जो इसका हाथ पकड़कर बोला चलो घूमने चलते हैं, जिसके साथ कुंवरसिंह चला गया। रात करीब 8.00 बजे मंगलसिंह के घर के पास इमली के झाड़ के नीचे खड़े हुए सेवसिंह ने अपने पेंट से चाकू निकालकर जान से मारने के लिये फरियादी कुंवर के पेट में दाहिने तरफ प्राणघातक हमला किया जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। कुंवरसिंह के चिल्लाने पर सेवसिंह उसे छोड़कर भाग गया। विवेचना उपरांत चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय में आई साक्ष्य पर विचार करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार लढ़िया ने आरोपी सेवसिंह उर्फ शिवसिंह को धारा 324 भादंवि में दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5000.00 रु० अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी निवास, श्रीमती उज्वला उईके द्वारा की गई।

## सुखलाल यादव का निधन दी श्रद्धांजलि

**नैनपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 तालाब टोला निवासी आशीष, मनीष यादव के पिता सुखलाल यादव का 21 दिसंबर को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार दोपहर को वार्ड 06 स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया वे रेल विभाग में कार्यरत रहे,सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में समर्पित मिलनसार व्यक्तित्व के नाम से जाने जाते रहे। अंतिम यात्रा में परिवार के सदस्य, कर्मचारी, सामाजिक बंधु,वार्ड के नागरिक शामिल हुए। मृत आत्मा की शांति के लिए उपस्थित जनों ने 2 मिनट का मौन रख विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गणित से संबंधित निबंध, चित्रकला और प्रदर्शनी हुई आयोजित

# रामानुजन के जन्मदिन पर मनाया गणित दिवस

*** उत्कृष्ट विद्यालय भुआबिछिया में कार्यक्रम आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया




महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय गणित दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के लोकव्यापीकरण योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं श्रीनिवास रामानुजन के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया गया। कार्यक्रम में गणित शिक्षिका श्रीमती आरती मोदी द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया की महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है।



उपस्थित विद्यार्थियों को गणित की महत्ता को विस्तार से विषय विशेषज्ञ पंकज कुमार साकेत प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बिछिया द्वारा समझाया गया। पीके गुप्ता द्वारा बच्चो का मार्गदर्शन किया गया। आरपी नेवले के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर कक्षा 9 वी से 12वी तक के छात्र-छात्राओं द्वारा गणित से संबंधित प्रदर्शनी, निबंध लेखन, चित्रकला, प्रश्नमंच, अंक पहेली में सहभागिता की। सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र, छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं पुरुस्कार वितरित कर सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य जेपी कछवाहा, दिव्या मरावी, मुकेश साहू, आसीत लोध, सब्बो सोनवानी, संजीव कार्तिकेय, सतीश कार्तिकेय, अनुराधा पांडे, प्रवीण बैरागी, विकास जांघेला, आदित्य मिश्रा, नीरज मंडावे, अरुण पर्ते, सोनम राय, शारदा झारिया, प्रिंसी राय, मोहनी, नीता तिवारी व समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती आरती मोदी ने किया।

## तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर



*** बाइक सवार घायल, दायें पैर के पंजे में आई गंभीर चोट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विकासखंड नारायणगंज मुख्यालय में टिकरिया मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक भागता हुआ चौपहिया वाहन ने एक मोटरसाईकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि मोटर साईकिल सवार को सिर में चोट नहीं आई है, नहीं तो कोई गंभीर स्थिति बन जाती है। हादसे में बाईक सवार के दाये पैर के पंजे में गंभीर चोट आई है। हादसे में पैर का पंजा काफी जख्मी हो गया था। तत्काल स्थानीय लोगों ने डायल 100 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 100 कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। जहां से घायल व्यक्ति को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लेकर पहुंचे। जहां घायल व्यक्ति का उपचार किया गया।

बताया गया कि ब्लाक नारायणगंज के ग्राम बीजेगांव सिमरिया टोला निवासी सुनील कुम्हेर पिता गुलाब कुम्हरे 38 वर्ष किसी काम से अपने परिवार की महिला सदस्यों के साथ मोटरसाईकिल में नारायणगंज मुख्यालय आया हुआ था, जहां परिवार के सदस्य को नारायणगंज बाजार में छोड़कर किसी काम से टिकरिया की तरफ जा सुनील जा रहा था, इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास एक चौपहिया वाहन बुलेरो ने मोटरसाईकिल से जा रहे सुनील को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सुनील गंभीर रूप से चोटिल हो गया। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद डायल 100 में घायल सुनील को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां घायल सुनील का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। वाहन की पतासाजी की जा रही है।

## जल जीवन मिशन का जल नहीं मिल रहा नन्हे बच्चों को

*** शोपीस जिनपर डिब्बे रखकर बच्चे पी रहे पानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जल जीवन मिशन द्वारा जिलेभर के स्कूल के छात्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल हर नल जल को साकार करने प्रत्येक गाँव और स्कूल आंगनवाड़ी में स्वच्छ पीने के पानी की उपलब्धता शुनिश्चित करने प्रत्येक स्कूल आंगनवाडी में लाखों की राशि खर्च कर दी गई, लेकिन भौतिक आंकलन से जिले के लगभग हर आठवें स्कूल/ आंगनवाड़ी के बच्चे इस व्यवस्था से मिलने वाले पीने के पानी को मोहताज हैं। हद तो तब हो गई जब इस मिशन के जिम्मेदारों की बेजा लापरवाही से दिखावे की पेयजल व्यवस्था बनाने में संबंधित स्कूल में पूर्व से चल रहे मोटर पम्पों को भी बेकाम कर दिया गया। ऐसी स्थिति में कई दर्जनों स्कूल के छात्र ही नहीं शाला स्टाफ को भी पानी के लिये काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं नन्हे बच्चों को मिल रहे मध्यान्ह भोजन के बाद पीने का पानी अपने बस्ते में लाना पड़ रहा है, या मजबूर होकर पुराने स्त्रोतों से पानी पीना पड़ रहा है। जिले सहित निवास अनुभाग के अनेकों स्कूलों और आंगनवाड़ियों की यही स्थिति है। जिम्मेदारों की लापरवाही की हद देखिये की जबलपुर मंडला मुख्य मार्ग से लगे शालाओं की बदहाल पेयजल व्यवस्था पर बनाई गई पेयजल यूनिट जो पानी नहीं सिर्फ हवा उगल रहीं हैं। तब इस जल जीवन मिशन की ग्रामीण अंचलों में इसकी क्या सच्चाई होगी इसका कोई भी सहज अंदाजा लगा सकता है।



## रोटरी मण्डला ने दी सिलाई मशीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रोटरी क्लब मण्डला मेकल के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष हुई असहाय एवं निःशक्तजनों को गर्म वस्त्र वितरण एवम मशीन वितरण किया गया। इसी क्रम में कल आदिम जाति कल्याण सेवा समिति में स्थित महिला आश्रम में रोटरी क्लब मण्डला मेंकल के द्वारा सिलाई मशीन, बच्चों एवं बड़ों के गर्व वस्त्र वितरित किए गए रोटरी क्लब मण्डला मेंकल की अध्यक्ष गीता काल्पिवार का कहना है कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमारा क्लब हमेशा तत्पर रहता है और हम असहायों की मदद के लिए जो हर संभव प्रयास हो सकता है वह हम करते हैं वही रोटरी क्लब मण्डला मेंकल के सचिव प्रस्सन सराफ का कहना है कि आदिम जाति कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित है आश्रम निशक्त महिलाओं को सहारा देने का सराहनीय कार्य कर रहा है आज इनको हमने रोजगार से जोड़ने के लिए दो सिलाई मशीन प्रदान की है इसके साथ ही यहां रहने वाले बच्चों एवं महिलाओं को गर्म वस्त्र का वितरण किया है कार्यक्रम के दौरान रोटीक्लब मण्डला मेंकल की अध्यक्ष सचिव एवं क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।




**परेशानी** | टूट-टूटकर गिर रहे बिजली के तार।

# नैनपुर पठार क्षेत्र में बिजली की किल्लत

*** फसल पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





एक ओर जहां सरकार किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का दावा कर रही है तो वही जिले का एक क्षेत्र ऐसा है जहां किसान बिजली के लिये पिछले काफी समय से तरस रहे हैं।

यह क्षेत्र है नैनपुर विकासखण्ड का पठार क्षेत्र जहां बिजली की उपलब्धता ऐसी है कि झलक दिखाने को आती है और झलक दिखाकर चली जाती है। इस समस्या के निदान के लिये जब विद्युत विभाग से कर्मचारियों से बात की जाती है तो वे कुछ भी संतोषजनक जबाव नहीं दे पाते। गुरूवार को क्षेत्र के किसानों ने जिला मुख्यालय आकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या बतानी चाही लेकिन विभाग के उच्चाधिकारी उपलब्ध ही नहीं रहे। अब किसान जायें तो कहाँ जायें। विद्युत िवभाग के कर्मचारियों ने औपचारिक रूप से बताया कि दबाव बढ़ने के कारण बिजली की उपलब्धता प्रभावित हो है जिससे बोल्टेज की समस्या भी गंभीर रूप लेती जा रही है। स्थिति यह है कि रोजाना किसी न किसी किसान की मोटर जल रही है ऐसे में एक ओर जहां खेतों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा तो वहीं किसान अपनी मोटर लेकर सुधारकों के चक्कर लगा रहे है। सरकार मुफ्त एवं कम दाम में किसानों को बिजली उपलब्ध कराने दावा करती है लेकिन ऐसी स्थिति में उनके दावों पर किसान परेशान दिखाई दे रहे हैं। इस पूरी समस्या का कारण यह बताया जाता है कि इस क्षेत्र में जो बिजली उपलब्धता की क्षमता है उसे नजरअंदाज करते हुये लगभग एक दर्जन ग्रामों को इससे और जोड़ दिया गया है अब स्थिति यह हो गई कि न तो नये ग्रामों को बिजली मिल पा रही है और न ही पुराने ग्राम बिजली पा रहे है। इसके अलावा जो रोजाना नुकसान हो रहा है वह अलग। कुछ जानकार बताते है कि इस क्षेत्र में जो विद्युत लाईन विस्तार का कार्य हुआ था वह तकनीकि रूप से सही नहीं था ठेकेदार द्वारा कम क्षमता के घटिया तार खम्बों पर लगाये गये जो अब बोल्टेज की गड़बड़ी के चलते टूट-टूटकर गिर रहे हैं।कन्हार ग्राम से लेकर पाठासिहोरा ग्राम के बीच रोजाना की यही समस्या है तारों के टूट जाने से विद्युत सप्लाई अवरूद्ध होती है और फिर काफी समय इसके ठीक होने लग रहा है। अचानक बोल्टेज कम-ज्यादा होने से विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। क्षेत्र में चल रही धान खरीदी का कार्य भी प्रभावित हो रह है बिजली न होने से ऑनलाईन कार्य जो किसानों से संबंधित होता है वह भी समय पर नहीं हो पा रहा। इस तरह किसान हर तरफ से इस क्षेत्र का परेशान है जबकि पाठासिहोरा में ही नया पावर स्टेशन स्थापित होने का प्रावधान है जिसके लिये जमींन संबंधी सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है लेकिन विद्युत विभाग फिलहाल उदासीन है।

## ब्रह्माकुमारीज़ मण्डला के द्वारा मनाया गया विश्व साड़ी दिवस कार्यक्रम



*** साड़ी भारतीय महिलाओं की शान है- राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान मण्डला के द्वारा विश्व साड़ी दिवस का कार्यक्रम स्थानीय सेवाकेंद्र, ब्रह्माकुमारीज़ मार्ग, बस स्टैंड के पीछे, विश्व शांति भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, पड़ाव वार्ड सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी एवं ब्रह्माकुमार भाई बहने उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारीज संस्थान की सभी बहनों ने साड़ी पहनकर सभी को संदेश दिया कि साड़ी हम भारतीय महिलाओं की पहचान है। ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को विश्व साड़ी दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हर साल साड़ी बनाने वाले बुनकरों के सम्मान में मनाया जाता है। साथ ही बताया कि साड़ी भारतीय महिलाओं की परम्परा है, जिसे महिलाएं बड़े गर्व के साथ पहनती हैं।और अब इसे विदेशों में भी अपनाया जाता है। साड़ी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की शक्ति है।

**खबर संक्षेप**

## अमरपुर धनवासी मार्ग हुआ जर्जर



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद मुख्यालय अमरपुर से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला मार्ग अमरपुर से धनवासी के बीच जर्जर स्थिति में पहुंच चुका हैं। जहां सड़क छोड़कर पटरी से वाहन चलाने की वाहन चालकों की मजबूरी बन गया हैं। साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती जा रही हैं। जबकि यह मार्ग जनपद पंचायत अमरपुर की लगभग 8 ग्राम पंचायतों को जनपद मुख्यालय से जुड़ती हैं। सड़क मार्ग की दुर्दशा के कारण क्षेत्रीय जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसमें हायर सेकेंडरी, महाविद्यालय की छात्रों को भी प्रतिदिन परेशान होना पड़ रहा हैं। जिससे क्षेत्रवासी भारी परेशानी महसूस कर रहे हैं। जिस सड़क मार्ग जिला मुख्यालय को कम दूरी में पहुंचा जा सकता हैं। वहीं पर खरमेर नदी पुलिया में एक वर्ष पूर्व बनाई गई सीमेंट कांक्रीट सड़क एक वर्ष में ही उखड़ना शुरू हो गया हैं। इसके साथ ही बारिश के दिनों में बाढ़ के कारण पुलिया के एक किनारे का दिवाल बह गया हैं। जिसका मरम्मत कार्य कराए जाने का प्रावधान भी हैं। परंतु इतने लंबे समय के बावजूद निर्माण कार्य ना कराया जाना ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता को दर्शाता हैं।

## सुनील दुबे को मातृ शोक



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर के प्रतिष्ठित नागरिक सुनील दुबे की माता श्री श्रीमती शकुन दुबे का लगभग 75 वर्ष की आयु में गंभीर बीमारी की वजह से गुरुवार की रात्रि में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को मुक्ति धाम अमरपुर में किया गया। जहां ग्राम एवं आसपास के लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। जहां महेंद्र ठाकुर द्वारा उनके जीवन पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालते हुए मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिलाई गई।

## कलेक्ट्रेट प्रांगण में अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सुशासन की शपथ

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी। कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में सुशासन की शपथ ली। ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुये उनके जन्म दिवस के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस बार 24 दिसम्बर को रविवार और 23 दिसम्बर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने से सुशासन की शपथ आज शुक्रवार को दिलाई गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर आर.पी. तिवारी, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# शिक्षा समिति के सभापति के गांव में झोपड़ी में संचालित हो रहा प्राथमिक शाला

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी। जनपद पंचायत मेंहदवानी के जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति श्रीमती सुषमा धुर्वे के गृह ग्राम व जनपद क्षेत्र जरहा नैझर के मठिया टोला में विगत दो वर्षों से प्राथमिक विद्यालय एक झोपड़ी में संचालित किया जा रहा है। प्राथमिक शाला मठिया टोला में कुल 41 बच्चे दर्ज हैं।**

इस संबंध में शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों का कहना है कि हमने संबंधित शिक्षक को नये भवन बनने तक रिक्त पड़े वनवासी प्राथमिक शाला भवन में संचालित करने के लिए आदेशित किया है परन्तु शिक्षक द्वारा लापरवाही बरती जा रही है और झोपड़ी में स्कूल संचालित किया जा रहा है। वहीं शिक्षक द्वारा दूरी का हवाला दिया जा रहा है और अविभावकों की असहमति बताया जा रहा है। इस संबंध में मठिया टोला निवासियों का कहना है कि अगर बच्चों को माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित वनवासी प्राथमिक शाला भवन पढ़ने भेज देंगे तो शाला भवन हमारे मठिया टोला में न बनाकर वहीं बना देंगे।

### इनका कहना है.......

शाला भवन के लिए लिए मैंने एसी साहब, बीईओ, बीआरसी तथा जनपद पंचायत के मीटिंग में रख चुकी हूं सभी जगह यही जानकारी मिली है कि शाला भवन के लिए राशि स्वीकृत है राशि आते ही काम शुरू हो जाएगा। वहीं गांव वाले कहीं और विद्यालय लगाने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं।

**श्रीमती सुषमा धुर्वे सभापति शिक्षा समिति जनपद मेंहदवानी**

मठिया टोला के बच्चों के अविभावकों का कहना है कि अगर हमने बच्चों को माध्यमिक विद्यालय के पास पढ़ने भेजा तो एकीकृत कर देंगे और मठिया टोला में स्कूल भवन नहीं बनेगा।

**मातु सिंह मरावी सरपंच ग्राम पंचायत जरहा नैझर**

हमारे द्वारा संबंधित शिक्षक को बार बार आदेशित किया गया है कि भवन जर्जर है तो झोपड़ी के बजाय वनवासी सेवा मंडल का प्राथमिक शाला भवन रिक्त है जहां स्कूल लगाया जाए। जब मठिया टोला में नया शाला भवन बन जाएगा तो उसमें स्कूल लगाना है। किन्तु शिक्षक और ग्रामीण तैयार नहीं हो रहे हैं।

**आर के चन्द्रौल संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली**



# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडौरी में वार्षिक खेलोत्सव संपन्न





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** विगत दिवस पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी में 16 वें वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। प्रातः 10.00 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास मिश्रा अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति एवं जिला कलेक्टर डिंडौरी के आगमन पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिला कलेक्टर ने पुष्पगुच्छ भेंट करने वाली छात्रा देवांशी साहू को कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि घोषित किया और उनके साथ खेल ध्वज को फहराया। विद्यालय के प्राचार्य आर एस उलाड़ी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीपप्रज्ज्वलन एवं मेजर ध्यानचंद जी की फोटो में पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात सलामी मंच से उन्होंने विद्यालय के चारों सदनों एवं भारत स्काउट एवं गाइड की टीम द्वारा निकाली गई परेड की सलामी ली और स्पोर्ट मीट शुरू करने की घोषणा की। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले बच्चों द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया जिसका नेतृत्व चिन्मय जैन द्वारा किया गया और फिर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में माध्यमिक वर्ग की छात्राओं द्वारा योग प्रदर्शन और जुंबा एक्सरसाइज का प्रदर्शन और प्राथमिक वर्ग की छात्राओं द्वारा डांस फॉर्म में एरोबिक्स प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कक्षावार विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें बालवाटिका और प्राथमिक कक्षाओं के लिए 30मी रेस, शटल रन, बैक रेस, बॉटल रॉलिंग रेस, ड्रैगन रेस, फ्रॉग रेस जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। माध्यमिक वर्ग के लिए 100 मी रेस एवं 400 मी रिले रेस का आयोजन किया गया। अभिभावकों के लिए म्यूजिकल खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों सभी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रुप में शील्ड और मेडल देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अपने शुभकामना संदेश में जिला कलेक्टर ने अभिभावकों से बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का अनुरोध किया गया। बच्चों को कड़ी मेहनत का संदेश देते हुए उन्होंने बताया कि हम अपनी बुद्धि और शरीर का जितना उपयोग करेगें यह उतना ही मजबूत और निखरता जाएगा। उन्होंने एक अच्छा नागरिक बनकर अपने शहर और देश की सेवा करने का आह्वान करते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प दिलाया। प्राचार्य आर एस उलाड़ी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक हरीश बहोरिया एवं सूर्य प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इनके साथ बच्चों में खुशी नामदेव वैशाली साहू, अंजली चैहान एवं जैन द्वारा भी मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारत स्काउट एवं गाइड की टीम को बेस्ट परेड की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। रमन सदन ने रनर अप ट्रॉफी प्राप्त की।

# जिले के 27 धान उपार्जन केन्द्रों में अब तक हुई 52147.29 क्विंटल धान की खरीदी

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या आज दिनांक तक 27 है, जिले में अब तक डिण्डौरी, मुड़की (डिण्डौरी केन्द्र 2), निधौरी (भानपुर), चांदपुर, अमरपुर, मडियारास, शाहपुर, सक्का, मझगांव (पिपरिया), चांदरानी, समनापुर, कंरजिया, परसेल, हर्रा, आमाडांगरी, विपणन गोरखपुर, सुनपुरी, बजाग, शहपुरा मानिकपुर, बरगांव, कठौतिया, राई, मेंहदवानी, लालपुर एवं गाड़ासरई तैयार हो गये है। आगामी दिनों में यदि अपात्र सहकारी संस्थाओं के द्वारा अपनी विगत वर्षो की घटी की सम्पूर्ण राशि एवं 50 प्रतिशत एफ.डी. जमा की जाती है। महिला समूहों के द्वारा ''किसानों द्वारा विक्रय उपज का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु समूहध्संगठको के अध्यक्षध्सचिव द्वारा उपार्जन एजेन्सी के जिला अधिकारी के नाम से प्रतिभूति के रूप में राशि रू 10.00 लाख जमा करना होगा। बैंक गांरटीध्सालवेंसीध्डी.डी., पोस्ट डेटेट चेक (पीडीसी) तथा अध्यक्षध्सचिव के नाम से विक्रय योग्य स्थाई संपत्ति के दस्तावेज उपलब्ध कराये जाते है तो उन्हे भी शेष उपार्जन स्थलों पर केन्द्र दिये जा सकेगें। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य 2183ध- रूपये प्रतिक्विंटलं दर निर्धारित की गई है तथा धान खरीदी की समयावधि दिनांक 19 जनवरी 2024 तक नियत है। जिले में 23474 किसानों ने धान उपज के विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। आज दिनांक तक स्थापित 27 केन्द्र में 3777 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है बुक स्लॉट में से 1455 कृषको के द्वारा 52147.29 क्विटंल धान का उपार्जन किया गया है, जिसके विरूद्ध 28477.88 क्विटलं धान का परिवहन किया गया है। जिले में अब तक धान उपार्जित मात्रा की कुल देय राशि 11.38 करोड़ में से 1.12 करोड़ का सफल भुगतान किसानों के बैंक खातों में किया जा चुका है। अतः जिले के समस्त कृषक बंधुओ से अपील है कि खरीदी की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2024 तक समय पर सुविधानुसार स्लॉट बुक कराकर अपने समीपस्थ उपार्जन केन्द्र में विक्रय कर शासन की समर्थन मूल्य योजना से लांभावित हों।

# सांसदों के निष्कासन के विरोध में कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** ससंद में सुरक्षा के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों द्वारा लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा के 142 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है, जिसके विरोध में कांग्रेस देशव्यापी प्रदर्शन कर रही हैं, ज्ञापन में उल्लेख है कि सरकार के द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर संसद के दोनों सदनों के 142 सांसदों को निलंबित कर लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला किया गया है, केन्द्र की भाजपा सरकार का यह निंदनीय कृत्य है। जिला कांग्रेस कमेटी कृत्य का पुरजोर विरोध करती है जिला कांग्रेस कमेटी राष्ट्रपति से आग्रह करती है कि भाजपा सरकार के द्वारा सांसदों को असवैंधानिक तरीके से निष्कासन किया गया। राज्यसभा एवं लोकसभा स्पीकर द्वारा किए निलंबन को निरस्त करने की माँग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक पड़वार, ज्योतिरादित्य भलावी, राधेलाल नागवंशी, रमाकांत साहू, अयोध्या बिसेन समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने किसान रबी फसलों का बीमा करायें

## पंजीयन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** म.प्र. शासन के द्वारा अधिसूचित फसलों का बीमा किया जाना है। इस हेतु रबी 2023-24 में डिंडौरी जिले के समस्त आदिम जाति सेवा सहकारी समिति (लैम्पस)ध्राष्ट्रीयकृत बैंक में 31 दिसंबर 2023 तक ऋणी, अऋणी कृषकों का बीमा किया जा रहा है। ऋणी, अऋणी किसानों के लिए यह यह योजना स्वैच्छिक है। योजना के अंतर्गत फसल बुआई से गहाई तक की प्राकृतिक आपदों की स्थिति में किसान अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। मौसम के अंत में राज्य सरकार से प्राप्त अधिसूचित फसल के उपज के आंकड़ों के आधार पर नियामानुसार क्षतिपूर्ति का निर्धारण एवं वितरण किया जाता है। खड़ी फसल में ओला वृष्टि जलभराव, भूस्खलन, बादल फटना, आकाशी बिजली से उत्पन्न आग से क्षति की स्थिति में कृषकों को 72 घंटो के अंदर क्रियान्वयन अभिकरणध्संबंधित बैंक शाखाध्कृषि एवं संबंधित विभाग को फसल नुकसानी की स्थिति एवं ब्यौरे के साथ सूचित करना होगा। तत्पश्चात योजना के प्रावधान अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अधिसूचित फसलों हेतु - बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत अथवा वास्तविक दर जो भी कम हो।

प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत जिला स्तर पर मसूर, तहसील स्तर पर अलसी, पटवारी हल्का स्तर पर गेहूं, चना, एवं सरसों की फसल को अधिसूचित किया गया है। उनके प्रीमियम एवं बीमित राशि प्रति हेक्टेयर अनुसार दर निर्धारित की गई है। सिचिंत गेहूं के लिये बीमित राशि 34500 प्रति हेक्टेयर है, जिसकी कृषक प्रीमियम राशि 517.50 रूपये प्रति हेक्टेयर है। असिंचित गेहूं के लिये बीमित राशि 26000 प्रति हेक्टेयर है जिसकी कृषक प्रीमियम राशि 390 रूपये प्रति हेक्टेयर है। इसी प्रकार चना के लिये बीमित राशि 30000 प्रति हेक्टेयर है जिसकी कृषक प्रीमियम राशि 450 रूपये प्रति हेक्टेयर है तथा सरसों के लिये बीमित राशि 15400 प्रति हेक्टेयर है जिसकी कृषक प्रीमियम राशि 231 रूपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। तहसील स्तर पर अलसी के लिए बीमित राशि 17100 प्रति हेक्टेयर है, जिसकी प्रीमियम राशि 256.50 रूपए प्रति हेक्टेयर है और जिला स्तर पर मसूर के लिए बीमित राशि 21500 प्रति हेक्टेयर है, जिसकी प्रीमियम राशि 332.50 रूपए प्रति हेक्टेयर है। ऋणी किसानों का फसल बीमा संबंधित बैंक शाखा द्वारा अनिवार्य रूप से करा दिया जाता है एवं अऋणी किसान फसल बीमा के लिए संबंधित बैंक शाखा, जन सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते है। पंजीयन के लिए पूर्ण रूप से भरा हुआ दस्तावेज पत्र, भू-अधिकार पुस्तिका, खसरा या बी-1 की नकल, पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड), बोनी प्रमाण पत्र (पटवारी या ग्राम पंचायत सचिव द्वारा प्रमाणित), बैंक पासबुकध्किसान क्रेडिट कार्ड की छायाप्रति आवश्यक है।

# कुकर्रामठ में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ करने की माँग



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कुकर्रामठ में धान खरीदी प्रारम्भ किये जाने की मांग को लेकर सैकड़ो किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर अतिशीघ्र धान खरीदी किये जाने की माँग की है। कुकर्रामठ, बुडरूखी, खाम्हा, कंचनपुर, रसोई, बीतलबहरा एवं तितराही के किसानों ने मांग की है कि धान खरीदी केन्द्र कुकर्रामठ में विगत कई वर्षों से लेम्पस समिति कुकर्रामठ में धान एवं गेहूं का खरीदी किया गया है। जिसमें सभी किसानों का खरीदी एवं भुगतान समय पर हुआ है, किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई है। खरीदी के नियम निर्देशानुसार ही खरीदी की जाती रही है। धान खरीदी केन्द्र कुकर्रामठ तत्काल प्रारंभ किया जावे एवं लेम्पस समिति कुकर्रामठ के कर्मचारियों से ही धान खरीदी का कार्य कराया जाये, महिला समूह को धान खरीदी केन्द्र न दी जाये, यदि किसी प्रकार की गड़बडी या अनियमितताएं होती है तो हम समस्त कृषक सक्षम हैं ।

# सीएम हेल्पलाइन में डिंडोरी जिला लगातार जोन में प्रथम



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल मप्र द्वारा नवम्बर 2023 की सीएम हेल्पलाइन मासिक ग्रेडिंग जारी की गई जिसमे डिंडोरी जिला मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान व बालाघाट जोन में प्रथम स्थान में रहा । शिकायत शाखा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि नवम्बर 2023 में कुल 137 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिसमे 124 शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक निराकरण करवाया गया जिसमे जिले को 80.8 प्रतिशत अंक मिले साथ ही। ग्रेड स्थान मिला। सीएम हेल्पलाइन में चैकी स्तर के साथ ही थाने स्तर पर संतुष्टि पूर्वक निराकरण न होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं ही शिकायतकर्ताओं को तलब करते हुए उनकी शिकायतों का निराकरण किया जाता है । डिंडोरी जिला बालाघाट जोन में लगातार सीएम हेल्पलाइन निराकरण मामले में प्रथम स्थान पर चला आ रहा है जिसका श्रेय पुलिस अधीक्षक ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व शिकायत शाखा प्रभारी के साथ चैकी ,थाना प्रभारियों का है ।

## खबर संक्षेप

### किसानों को हुआ गन्ने का भुगतान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 19 दिसम्बर को हुई जनसुनवाई में जिले के ग्राम करहैया के भीकम सिंह पटैल, यशवंत पटैल, फतेह सिंह, पवन सिंह व अशोक कुमार लोधी ने शिकायत में बताया कि महाकौशल सुगर मिल एवं पावर इंडस्ट्रीज बचई में उनके द्वारा पिछले वर्ष गन्ना विक्रय करने पर गन्ने की राशि का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। इस पर अपर कलेक्टर ने प्रबंधक महाकौशल सुगर मिल एवं पावर इंडस्ट्रीज बचई तहसील नरसिंहपुर द्वारा किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी गन्ना किसानों का भुगतान हो चुका है। अन्य गन्ना कृषक भुगतान संबंधी समस्या के लिए नरसिंहपुर तहसील कार्यालय में तहसीलदार को आवेदन दे सकते हैं।

### अपर कलेक्टर ने निर्माण कार्यों संबंधी ली बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह की अध्यक्षता में चिनकी बोराज परियोजना तथा शाहपुरा- नरसिंहपुर मार्ग को फोरलेन में प्रस्तावित, उन्नयन एवं विकास के संबंध में जनपद पंचायत गोटेगांव के सभाकक्ष में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर ने भूमि अर्जन से संबंधित धारा 11, 15 व 19 के प्रकाशन से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। समस्त पटवारी को रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिये। पटवारी को प्रस्तावित फोरलेन मार्ग के लिए नक्शा दुरुस्त करने तथा वस्तु स्थिति की जांच करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एसडीएम श्रीमती देवंती परते, नायब तहसीलदार बरहेटा नीलम श्रीवास व नायब तहसीलदार श्रीनगर महेश वट्टी, समस्त राजस्व निरीक्षक, संबंधित पटवारीगण, एमपी आरडीसी के कंसल्टेंट तथा चिनकी बोराज परियोजना के इंजीनियर मौजूद थे।

### सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना प्रर्दशन

# सांसदों को निलंबित करना तानाशाही रवैया: नरेन्द्र





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शुक्रवार को स्थानीय सुभाष पार्क चौराहे के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रर्दशन कर केन्द्र सरकार की नीतियों के विरूद्ध प्रर्दशन किया गया तथा सरकार की नीतियों पर अनेकों आरोप लगाये। वक्तों द्वारा सांसदों को निलंबित किये जाने के मामले को असंवैधानिक बताया पूर्व विधायक सुनील जयसवाल द्वारा कहा गया कि दोनों सदनों को संविधान के विपरीत चलाया जा रहा है । केन्द्र सरकार की तानाशाही और अलोकतांत्रिक नीतियों के विरोध में कांग्रेस कार्यकतार्ओं पदाधिकारियों ने देश व्यापी आंदोलन सुभाष पार्क के समीप धरना देकर प्रदर्शन किया। वक्तों ने केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर कई गंभीर आरोप लगाते हुए सांसदों के निलंबन की कार्रवाई को हिटलर शाही बताया ।

### सरकार का अलोकतांत्रिक व तानाशाही रवैया

धरना प्रर्दशन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि लगातार केन्द्र सरकार की अलोकतांत्रिक और तानाशाही रवैये के कारण पूरे देश में भारी रोष व्याप्त है। संविधान के विपरीत कार्य किये जा रहे । पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि संसदीय प्रणाली की गौरवशाली परंपराओं और संविधान के विपरीत दोनों सदनों को चलाया जा रहा है। वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि आम जन की आवाज उठाने वाले सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। देश की सुरक्षा, महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार मौन है।

### लोकतंत्र की हुई हत्या

धरना प्रर्दशन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर लाल साहू द्वारा कहा गया कि दोनों सदनों में लोकतंत्र की हत्या हुई है। सरकार को फसले पर विचार करना चाहिये । डॉ संजीव चांदोरकर, वरिष्ठ नेता मनोहर साहू, बसंत चोरसिया ने सरकार के इशारे पर दोनों सदनों में देश की मूलभूत समस्याओं और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा तक नहीं करने दी जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अनेकों आरोप सरकार पर लगाये व नारेबाजी की ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर शैलेंद्र राजपूत, भगवत सिंह जाट ,अभिनव दिमोले, देवेंद्र शुक्ला, विमला पटेल,मालती कहार, नीलू जैन,राजेंद्र नेमा, नारायण महोबिया, प्रतीक त्रिवेदी, राजकुमार नेमा, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा, ओम प्रकाश पटेल, आशीष राजवैध, सौरभ शर्मा, मिक्की राय, जेसी राय, शोभरण सिंह पटेल,वीर मिर्धा, चंद्र प्रकाश अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। धरना सभा का संचालन अजय दुबे एवं आभार प्रदर्शन अमित राय गोलू ने किया। धरना के पश्चात राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया।

# अपर सचिव ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस भारत सरकार अपर सचिव श्रीमती दीप्ति गौड़ मुखर्जी एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगवानी एवं सिंहपुर बड़ा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। यहाँ उन्होंने उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा भी की।



स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में बीएमओ डॉ जी पी भनारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यहाँ प्रतिदिन 150 से अधिक ओपीडी की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र एनक्वाश सर्टिफिकेशन के मानकों के अनुरूप है।अन्य राज्यों से भी टीम यहाँ की स्वास्थ्य सुविधाएँ का अवलोकन करने आती है।केंद्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। पैथोलॉजी लैब में ब्लड, टीबी की भी जाँच की जाती है। कोरोना काल के दौरान यहाँ 10 बिस्तरीय ऑक्सीजन बेड भी स्थापित किए गए थे जो वर्तमान में भी है।हाल ही में यहाँ कोरोना की मॉक ड्रील भी आयोजित की जा चुकी है।अपर सचिव श्रीमती गौड़ ने यहाँ मेडिकल स्टोर कक्ष का भी अवलोकन किया।उन्होंने कहा कि जो मरीज इलाज के लिए आते हैं उनकी आभा आईडी भी बनवायी जाये। यहाँ उन्होंने बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं परिसर में बनाये गये हर्बल गार्डन का भी निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र में सभी सुविधाएँ व्यवस्थित होने पर प्रसन्नता जाहिर की। मुंगवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने प्रसव उपरांत भर्ती महिलाओं एवं उनके परिजनों से चर्चा की। अपर सचिव ने यहाँ ओपीडी पंजी का अवलोकन किया।यहाँ बनाये गये आयुष्मान कार्ड की जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से ली। अपर सचिव श्रीमती गौड़ ने निर्देश दिए कि रोजगार की तलाश में बाहर गये लोगों (जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं) के भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष मुहिम चलायी जाए। इससे उन्हें अन्य जगहों पर भी आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलेगा।

# शिक्षकों द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े वितरित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की शा. प्रा. शाला गौरछापर जशित केन्द्र / संकुल शास हायर सेकेण्डरी विद्यालय गोरखपुर के शिक्षक कुंजीलाल काछी, जगदीश रैकवार ने अपने स्वंय के व्यय से शाला में दर्ज समस्त 36 छात्र छात्राओं को बी आर सी ओ पी राय के मुख्य आतिथ्य, बी ए सी रविशंकर ठाकुर, जनशिक्षक मधुसूदन दुबे की अध्यक्षता, मे ऊनी स्वेटर वितरित की गई। ऊनी स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बी आर सी द्वारा छात्र-छात्राओं से अकादमिक शैक्षणिक स्तर पर चर्चा की गई छात्रों द्वारा सही जवाब देने पर प्रसन्न होकर बी आर सी राय द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को रंगीन पेंसिल किट वितरण की गई। उनी स्वेटर वितरण कर बी आर सी राय ने शाला के दोनों शिक्षकों के इस पुनीत अनुकरणीय कार्य को एवं शाला के छात्रों के शैक्षणिक स्तर की सराहना की। कार्यक्रम में बी.ए.सी., जनशिक्षक ने भी अपने संबोधन में शाला परिवार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन शिक्षक कुंजीलाल काछी द्वारा किया गया।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा की 6 जनपद पंचायतों की 14 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की। जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत कुम्हड़ाखेड़ा में गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के तहत श्रीमती अर्चना ठाकुर, श्रीमती संगीता ठाकुर को निःशुल्क गैस कनेक्शन व गैस चूल्हा वितरित किये। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधायक नागेश ने क्विज प्रतियोगिता में विजयी शिवेन्द्र पटवा को टीशर्ट, कैप उपहार स्वरूप प्रदान किये। ग्राम पंचायत कुम्हड़ाखेड़ा की सरपंच को ओडीएफ ग्राम पंचायत घोषित करने के लिए अभिनंदन पत्र दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के बरमानकला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर ने कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर उनका निराकरण किया गया। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। मौजूद अधिकारी- कर्मचारियों से कहा गया कि शासन की मंशा अनुरूप सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाये। कार्यक्रम में मोतीलाल चौरसिया, दिनेश दुबे, राम नारायण सोनी, नरेश पांडे, योगेश नोरिया, सीईओ जनपद श्रीमती प्रतिभा परते, जनपद करेली के नोडल अधिकारी जय नारायण शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।



# गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को दी गई श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शुक्रवार को शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गणेश कुमार सोनी, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं अध्यक्षता डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा की गयी। स्वागत उद्बोधन में डॉ. गर्ग द्वारा गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गणित की उपयोगिता पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सोनी द्वारा श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि जीवन में गणित का उपयोग जन्म से लेकर मृत्यु तक होता है। गणित हमारी तार्किक क्षमता का विकास करता है तथा जीवन की कठिनाईयों का सरल करता है । इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा श्रीनिवास रामानुजन को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रावी सिंह पटेल एवं आभार विभागाध्यक्ष श्रीमती अनीता रघुवंशी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव, श्रीमती माधुरी पटवा, सहा. प्रा. आलोक शर्मा, भूपेन्द्र चैधरी, सुश्री राजश्री पटेल, सुश्री सपना जाटव सहित बड़ी संख्या मे छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के उपरांत प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूष्कृत किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी लोधी, द्वितीय गायत्री पटेल एवं तृतीय स्थान पर नेहा पटेल एंव गणित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी गुमास्ता, द्वितीय नैनसी कुर्मी एवं तृतीय स्थान अंजना लोधी को प्राप्त हुआ तथा षिवांषी तिवारी ने भाषण में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।




# कलेक्टर ने अमृत सरोवर का किया अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिले में अमृत सरोवर में मछली पालन कार्य महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से सशक्त होने का जरिया बन रहा है। गोटेगाँव के कोहका एवं रोहिया में बनाये गये अमृत सरोवर में स्व सहायता समूह की महिलाएँ जुटकर मछली पालन करने का कार्य कर रही हैं। उनके किये जा रहे इस कार्य का अवलोकन कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने अपने भ्रमण के दौरान किया। कोहका के श्री गणेश स्व सहायता समूह ने यहाँ तीन हेक्टेयर में बनाये गये अमृत सरोवर में जुलाई माह में 40 हजार बीज डाला गया है। समूह द्वारा मछलियों को समय समय पर आहार दिया जाता है। हाल ही में उन्होंने 30 किलो मछली का विक्रय लगभग 150 रुपये प्रति किलो की दर से किया है। यहाँ तालाब की बंड पर रंग बिरंगे फूल एवं अरहर भी लगाई गई है। समूह की महिला सदस्य श्रीमती निशा बाई ने बताया कि लगभग 12-15 टन मछली का उत्पादन आसानी से हो जाएगा, जिससे लगभग 15 लाख रुपये की आय होगी। अमृत सरोवर में पर्याप्त मात्रा में पानी है। इसका उपयोग सिंचाई कार्य में भी किया जा रहा है। वहीं रोहिया अमृत सरोवर में मछली पालन कार्य कर रहे उईके परिवार स्व सहायता समूह की महिला सदस्य श्रीमती रजनी ठाकुर, सरोज बाई बताती है कि उन्होंने यहाँ तीन माह पूर्व 20 हजार मछली के बीज डाले हैं।इसमें रोहू एवं कतला किस्म की मछली के बीज डाले गये हैं। उनके द्वारा पहली बार मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। अब उन्हें इससे लाभ हो रहा है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति अब पहले से बेहतर होगी। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का यह एक महत्वपूर्ण जरिया बन रहा है। कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि यह कार्य अच्छे से करें। इससे महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सकारात्मक सुधार होगा साथ ही यह अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी साबित होगा।

# विकसित भारत 2047 पर परिचर्चा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गुरूवार को स्थानीय पी जी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मनोविज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विकसित भारत 2047 के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो. ज्योत्सना झारिया द्वारा सशक्त भारतीय विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अमित ताम्रकार, प्रो. वंदना जैन, प्रो. सुधा विकरौल, डॉ. जी. एस. मर्सकोले ने व्याख्यान प्रस्तुत किये साथ ही विद्यार्थियों से सुझाव प्राप्त किए गए जिसमें छात्रा शिखा वर्मा द्वारा 2047 में स्वच्छ भारत रहे पूर्ण विकसित होने हेतु इसे कार्य रूप में प्रतिपादन करना चाहिए। छात्र देवांश पचैरी द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को वास्तविक रूप से परिणित करना भ्रष्टाचार मुक्त भारत होना चाहिए। छात्र सिद्धार्थ राय द्वारा 2047 का भारत शत-प्रतिशत शिक्षित हो, भ्रष्टाचार से मुक्त हो, ड्रग माफिया के लिए कठोर दण्ड एवं कानून प्रावधान हो, छात्रा रागिनी डेहरिया द्वारा महिला सुरक्षा एवं महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका संबंधी सुझाव दिये गए। परिचर्चा के बाद सभी विद्यार्थियों ने भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत 2047 पोर्टल पर अपने-अपने सुझाव दिये।



# कलेक्टर ने स्कूल बरहटा में विद्यार्थियों से किया संवाद



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शुक्रवार को कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने गोटेगांव भ्रमण के दौरान शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कक्षा 9 वीं, 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं से चर्चा की और पठन- पाठन संबंधी जानकारी ली। आईसीटी लैब में छात्र-छात्राओं द्वारा कम्प्यूटर वोकेशनल शिक्षा के द्वारा कम्प्यूटर संबंधी शिक्षण कार्य देखा। यहां मौजूद शिक्षिका ने बताया कि उन्हें माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, पॉवर प्वाइंट, टायपिंग आदि सिखाया जा रहा है। कक्षा 12 वीं में भौतिक विषय के ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से बच्चों को कठिन अध्याय को आसानी से समझाया जा रहा था। कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिये कि बच्चों को रिवीजन करने के लिए वीडियो डाउनलोड कर कम्प्यूटर सिस्टम में प्रदान किये जायें, जिससे वे कभी भी इसे देख सकें। बच्चों की 100 प्रतिशत उपस्थिति हो। इसके लिए भी शिक्षकगण प्रयास करें।

# आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गुरूवार - शुक्रवार की दरमियानी रात दो लोगो मे विवाद हो गया जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महेन्द्र पिता भैया लाल लोधी उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी मेहका थाना ठेमी का गांव के ही व्यक्ति के साथ विवाद हो गया जिसमें हुई मारपीट से उसकी मौत हो गई । पुलिस सूचना प्राप्त होने के बाद शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराया गया । वही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना ठेमी मे विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी आपसी रंजिश के चलते दोनो मे मध्य विवाद हुआ था पुलिस मामले के जांच पड़ताल मे जुटी हुई है ।